हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 सितंबर 2025
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 भारत को आत्मनिर्भर बनाने हमें स्वदेशी...



07 नगर में पीएम आवास योजना 1.0 के 159 आवास...



### देवी दर्शन, मूर्ति स्थापना और श्रीरामलीला महोत्सव बने आकर्षण का केन्द्र

# शारदीय नवरात्रि पर नर्मदांचल धर्ममय हुआ, आयोजनों का सिलसिला शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में इन दिनों उत्सवी वातावरण सजा हुआ है। जहां नवरात्रि प्रारंभ होने से जगह-जगह पंडाल सज गए हैं उनमें देवी स्थापित हो चुकी है, वहीं रात्रि में देवी दर्शन के लिए भक्त निकलने लगे हैं।

गत रविवार से पितृमोक्ष अमावस्या के बाद शारदीय नवरात्र प्रारंभ हुए। अलसुबह भक्तों ने देवी के मंदिरों में जल अर्पित की पूजन अर्चना की वहीं दिनभर कठिन व्रत धारण किया। दूसरी ओर मां की पैदल यात्रा कर दर्शन करने सलकनपुर देवी धाम को भक्त निकल रहे हैं।

जिले भर में शारदीय नवरात्र आरंभ हो चुके हैं। इस दौरान मां की भक्ति के अनेक रूप देखने को मिले।



### निकली श्रीराम की बारात

श्रीरामलीला महोत्सव में सोमवार सायंकाल 5 बजे सेठानीघाट से नगर के प्रमुख मार्गों से भगवान श्री राम जी की लक्ष्मण , भरत और शत्रुघ्न सहित बारात निकाली गई। इस दौरान रामबारात का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

### आईटीआई में विराजी महारानी मां काली

देवी पंडालों में मूर्ति स्थापना जारी है। सोमवार को शहर की आईटीआई स्थित मां काली समिति द्वारा आईटाआई की महारानी मां काली की प्रतिमा की भव्य रूप से स्थापना की गई। वहीं भक्तों ने नाच गाकर मां की आगुवानी की। वहीं दूसरी ओर नगर के अनेक पंडालों में भी मूर्ति स्थापना जारी रही। सोमवार को घटस्थापना के साथ देवी भक्तों ने मां शैलपुत्री का पूजन किया। इस दौरान दिनभर कठिन व्रत धारण कर रात्रि में मां का पूजन कर व्रत खोला।



### देवी दर्शन को निकले श्रृद्धालु

परंपरानुसार देवीधाम सलकनपुर के लिए देवी भक्तों की टोलियां निकल पड़ी हैं। अलसुबह से देर रात्रि तक सड़कों पर भक्त पैदल यात्रा कर सलकनपुर पहुंच रहे हैं। वहीं जगह-जगह भक्तों की सेवा के लिए पानी, प्रसादी, फलहार, चाय आदि की व्यवस्था समाजसेवियों द्वारा की जा रही है।

## तिलक भवन में आयोजित हुआ स्वच्छता सेवा ही पखवाड़ा के तहत लोक कल्याण मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगरपालिका द्वारा सेठानीघाट स्थित तिलक भवन में लोक कल्याण मेला लगाया गया है। इस मेले में नपा द्वारा संचालित छह स्वसहायता समूहों द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा ने बताया कि तिलक भवन में लगाए गए लोक कल्याण मेले का आयोजन नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर तीन दिनों के लिए किया जा रहा है। सोमवार को नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा मेले का निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्होंने निर्देशित दिए कि मेले में स्वसहायता समूह अपने अधिकतम उत्पादों का प्रदर्शन करें तथा इससे नागरिकों को जोड़ें। इसका लाभ बताएं। उन्होंने स्वसहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रशंसा की।

### सड़क पर गंदगी फैलाने पर पेवर ब्लाक फैक्ट्री संचालक पर नपा ने किया 10 हजार का जुर्माना

**नर्मदापुरम।** इंडस्ट्रियल एरिया में एक पेवर ब्लाक बनाने वाली फैक्ट्री के मालिक पर गंदगी फैलाने पर नपा द्वारा 10 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। स्वच्छता निरीक्षण अनुराग तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लगातार नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को इंडस्ट्रीयल ऐरिया में गंदगी फैलाने पर पेवर ब्लाक बनाने वाली फैक्ट्री के मालिक रमेश साहू पर नगरपालिका द्वारा 10 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि निरीक्षण दौरान पाया गया कि प्रतिष्ठान के सामने कचरे (सीमेंट की ईट, रेत, पेवर ब्लॉक आदि) का ढेर लगाया जाता है। ठोस अपशिष्ट नियम 2016 के नियम 4 तहत आपकी फेक्टरी के कचरे का निष्पादन स्वयं को ही करना है। फेक्टरी का कचरा एवं समान रोड पर डाला जा रहा। अतिक्रमण कर रखा है जिससे रोड पर आने जाने वाले राहगीर को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं जाम की स्थिति उत्पन्न होती है ओर रोड की सफाई भी नहीं हो पा रही है। इंडस्ट्रीज क्षेत्र में गंदगी फैलाने के हेतु अर्थदंड 10000 कार्यालय में तीन दिवस के अंदर जमा करें अन्यथा की स्थिति में प्राप्त साक्ष्य एवं पंचनामा के आधार पर कार्यवाही करते हुए प्रकरण न्यायालय भेजा जाएगा जिसकी समस्त जवाब देही आप स्वयं की रहेगी।

## कालीबाड़ी स्थल पर विराजेंगी महिषासुर मर्दिनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीप स्थित रोहना गांव में प्रस्तावित कालीबाड़ी मंदिर स्थल पर प्रथम बार मां महिषासुर मर्दानी विराजेंगी। यहां भगवती जगदंबा की पूजा परम्परागत बंगाली विधि विधान से की जाएगी। यह दुर्गोत्सव नर्मदापुरम कालीबाड़ी सामाजिक कल्याण समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है।



समिति के अध्यक्ष डॉ आशुतोष शर्मा, सचिव डा चंदन मंडल, सदस्यगण सुश्री साधना मित्रा, सुभाष घोष, प्रमोद शर्मा, अमित माहेश्वरी ने बताया कि माता की प्रतिमा के निर्माण के लिए मिट्टी बंगाल से बुलाई गई है। प्रतिमा का निर्माण बंगाली कलाकारों द्वारा किया ही जा रहा है। इसके अतिरिक्त माता की पूजा बंगाली परम्परा के अनुसार ही की जाएगी। उत्सव षष्ठी तिथि यानी 28 सितंबर से प्रारंभ होगा। समिति सदस्यों ने सभी भक्तों से उत्सव में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### चित्रकला, रंगोली स्पर्धा का हुआ आयोजन

**नर्मदापुरम।** सोमवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा एवं सेवा पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई कर पौधारोपण किया और महाविद्यालय परिसर में चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता और वाद विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, लोक सभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, महेन्द्र यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं अतिथि व्याख्याता शामिल रहे।

## नर्मदावैली इंटरनेशनल स्कूल बालिका टीम बनी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिपरिया में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता लीग रग्बी 2025 प्रतियोगिता में नर्मदापुरम स्थित नर्मदावैली इंटरनेशनल स्कूल की बालिका टीम ने शानदार खेल भावना और संघर्ष का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की बालिका टीम के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के पीछे कोच



रजत सोनी की कड़ी मेहनत, सतत मार्गदर्शन और समर्पण की अहम भूमिका रही। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास एवं सही दिशा देकर सफलता की ओर अग्रसर किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल, प्राचार्य इमरान खान, कॉर्डिनेटर श्वेता शुक्ला तथा समस्त शिक्षकगण ने टीम और कोच को हार्दिक बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह सफलता विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे नर्मदापुरम जिले के लिए गर्व का विषय है।



## खबर संक्षेप



### भोपाल-नागपुर हाईवे पर बाइक दुर्घटना, एक की मौत, एक गंभीर

**बैतूल।** आठवां मिल क्षेत्र में सोमवार को सडक़ दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान ग्राम उड़दन निवासी सुखनंदन धुर्वे (35) के रूप में हुई है। वह अपने साथी सोनू के साथ बैतूल से अपने गांव जा रहा था। आठवां मिल के पास उनकी बाइक किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने सुखनंदन को मृत घोषित कर दिया। सोनू की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे नागपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों पाढर की ओर से आ रहे थे। वे अलग-अलग बाइक पर सवार थे। संदेह है कि दुर्घटनाग्रस्त बाइक पीछे से किसी वाहन से टकराई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। पुलिस यह जांच कर रही है कि दुर्घटना किसी वाहन की टक्कर से हुई या बाइक सवारों ने नियंत्रण खो दिया।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का जिला स्तरीय शुभारंभ 23 सितम्बर को

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम जिले में चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का जिला स्तरीय शुभारंभ 23 सितम्बर को संजीवनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इटारसी रोड बैतूल में प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इस अभियान में (1 से 19 वर्ष) के अनुमानित 556474 हितग्राहियों को 2347 आंगनवाडी केन्द्रों, 3198 शासकीय शालाओं, 424 निजी शालाओं में किशोर, किशोरियों एवं 20 से 49 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की महिलाऐं जो कि गर्भवती, धात्री नहीं हैं को एल्बेंडाजॉल गोली का सेवन कराकर कृमिनाशन किया जाएगा। डॉ हुरमाड़े ने आमजन से अपील की है कि अपने नजदीकी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को कृमि नाशक गोली का सेवन करने के लिए अवश्य भेजें।

### भूतपूर्व सैनिकों की बैठक 24 सितंबर को

**बैतूल।** भूतपूर्व सैनिकों की बैठक मुलताई जनपद पंचायत सभा कक्ष में 24 सितंबर को प्रातः 11.30 बजे से आयोजित की गई है। कैप्टन आईएन सुमीत सिंह सेवानिवृत्ति जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों से यथा समय बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### वार्षिक साधारण सभा 23 सितंबर को

**बैतूल।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बैतूल की 116वीं वार्षिक साधारण सभा 23 सितंबर को दोपहर 1 बजे से प्रधान कार्यालय बैतूल में आयोजित की गई है। प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बैतूल नीता निगम ने बैंक के समस्त अंशधारी सहकारी संस्थाओं से वार्षिक साधारण सभा में यथा समय उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने किया प्रेरित



**बैतूल।** नगर पालिका परिषद बैतूल की स्वच्छता टीम ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सोमवार को स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ मिलकर नगर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता में भागीदारी अभियान चलाया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश मत्सानिया ने बताया कि अभियान के दौरान महिलाओं को घर, गली-मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

## जीएसटी सुधार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने हमें स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना हैः खंडेलवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने जीएसटी रिफॉर्म जन जागरण अभियान के अंतर्गत सोमवार को बैतूल के गंज मार्केट में भ्रमण कर स्थानीय व्यापारियों और ग्राहकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में किए गए बदलाव की जानकारी देकर मुंह मीठा कराया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल ने खरीदारी कर रहे ग्राहकों से चर्चा के दौरान उन्होंने जीएसटी की कम हुई दरों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार माना। उन्होंने अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पाद एवं वस्तुओं के क्रय-विक्रय व उपयोग का आग्रह भी किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके प्रदेश अध्यक्ष के साथ थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि जीएसटी सुधार आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में बड़ा ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नागरिक देवो भवः की परिकल्पना साकार हो रही है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों को बढावा दें और अधिक से अधिक मात्रा में स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करें। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आह्वान है कि अपने देश की मिट्टी से जुड़ा हर उत्पाद हमारी संस्कृति, मेहनत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसलिए आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण के लिए वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन दें। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जीएसटी सुधार को देश की दिशा और दशा बदलने वाला महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह केवल कर सुधार नहीं, बल्कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। आज भारत दुनिया का सबसे बडा युवा देश है। युवा न केवल उपभोग करता है बल्कि उत्पादन और जीडीपी में बडा योगदान दे सकता है। जीएसटी रिफॉर्म स्वदेशी के लिए मजबूत आधार बनेगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार, विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, जिला संयोजक दीपक सलूजा, मनजीतसिंह साहनी, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, विक्रम वैद्य सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## जीएसटी रिफॉर्म से आएगा जीवन में बदलावः कमलेश सिंह



### भाजपा ने मनाया बचत उत्सव, व्यापारियों से की स्वदेशी को बढ़ावा देने की अपील

**सारनी।** देश में सोमवार से जीएसटी की नई दरें लागू होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे जीएसटी बचत उत्सव के रूप में सेलिब्रेट किया। सारनी और बगडोना मण्डल के कार्यकर्ताओं ने बगडोना मेन मार्केट एवं पाथाखेड़ा के न्यू मार्केट में रैली निकाली एवं व्यापारियों का स्वागत कर उनसे स्वदेशी को बढावा देने की अपील की। जीएसटी की नई दर लागू होने पर व्यापारियों ने भी खुशी जाहिर की एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। व्यापारियों से संवाद करते हुए भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से मध्यमवर्गीय लोगों के जीवन मे बहुत बढ़ा बदलाव आएगा। बचत बढेगी और आर्थिक लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। बगडोना के व्यापारी मोहित साहू ने कहा कि केंद्र सरकार ने अच्छा कदम उठाया है। अब कई चीजें सस्ती हो जाएगी। व्यापार करना और आसान हो जाएगा। पाथाखेड़ा के व्यापारी विजय मंडल ने कहा कि सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है, लोग अपनी पसंदीदा वस्तुएं आसानी से खरीद पाएंगे। नपा अध्यक्ष किशोर वरदे ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी में किया गया नया सुधार देश की विकास दर को बढाएगा और व्यापार और सुगम होगा। कई चीजों की कीमत कम होने से आम जनता को सीधे राहत मिलेगी। इस अवसर पर सारनी मण्डल अध्यक्ष गोलू राजपूत, बगडोना मण्डल अध्यक्ष दीपक सिनोटिया, वरिष्ठ भाजपा नेता पीजे शर्मा, सुधा चन्द्रा,संजय अग्रवाल,नागेन्द्र निगम, मोहन मोरे, जीपी सिंह, जगदीश आहूजा, रमेश खवसे,कीरोन मण्डल, सुनील मोखडे,राहुल कापसे, सहित बडी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक उईके ने व्यापारियों से की मुलाकात, जीएसटी स्लैब में राहत पर जताया आभार



*भौंरा। केंद्र सरकार द्वारा आम उपभोक्ताओं और व्यापारियों को राहत देते हुए कई जन-उपयोगी एवं आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती किए जाने का सकारात्मक असर बाजार में दिखने लगा है। सोमवार को भौंरा नगर में विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने स्थानीय व्यापारियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और सरकार की इस पहल को उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत बताया। विधायक उईके ने कहा कि भारत सरकार समय-समय पर आम जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए टैक्स ढांचे में बदलाव कर रही है। हाल ही में किए गए संशोधनों से उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। व्यापारियों ने भी जीएसटी स्लैब में की गई कटौती का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताया। उनका कहना था कि आवश्यक वस्तुओं पर कर घटने से उपभोक्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में खरीदारी बढ़ी है और आगामी त्योहारी सीजन में इसका सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। मुलाकात के दौरान विधायक उईके ने व्यापारियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर वोकल फॉर लोकल अभियान को बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की बिक्री और उपयोग से स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और छोटे व्यापारियों की आमदनी भी बढ़ेगी। व्यापारियों ने भी भरोसा जताया कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से उपभोक्ताओं को राहत मिलने के साथ-साथ स्थानीय बाजारों की रौनक में इजाफा होगा।*

## बच्चों ने स्वच्छता पर लिखे निबंध

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण




**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत सफाई मित्रों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। वहीं स्कूलों में चित्रकला, वाद विवाद, निबंध स्पर्धाएं आयोजित की गई। केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि सोमवार को स्कूली विद्यार्थियों को स्वच्छता से जोडऩे के लिए वाद विवाद, चित्रकला और निबंध स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। सारनी, पाथाखेड़ा, शोभापुर कॉलोनी, बगडोना के शासकीय एवं अशासकीय स्कूल के बच्चों ने इसमें बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस अवसर पर शोभापुर के संजीवनी क्लीनिक में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सभी सफाई मित्रों की जांच की गई। नोडल अधिकारी केके भावसार ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने जय स्तंभ चौक पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

### आज भुजलिया घाट की श्रमदान से होगी सफाई

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार 23 सितंबर को नदी, तालाब, नालों एवं अन्य जलीय संरचनाओं की सफाई के तहत भुजलिया घाट वार्ड 32 शक्तिनगर शोभापुर कॉलोनी में दोपहर 12 बजे से श्रमदान किया जाएगा। नोडल अधिकारी केके भावसार ने बताया कि श्रमदान में जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठन, आम नागरिक, नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### अग्निहोत्री परिवार ने स्वास्थ्य केंद्र में पौधे लगाकर दी श्रद्धांजलि



**भौंरा।** नवरात्रि के पावन अवसर पर सोमवार को अग्निहोत्री परिवार द्वारा स्व. कृष्ण कुमार अग्निहोत्री और श्रीमती स्वर्गीय रेखा अग्निहोत्री की याद में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिवार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरा परिसर में दो सिंदूर के पौधों का रोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अग्निहोत्री परिवार के पत्रकार कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री ने बताया कि यह पौधा रोपण बड़े भैया एवं भाभी की याद में नवरात्रि के प्रथम दिन किया गया। उन्होंने कहा कि यह कदम उनके आदर्शों और समाज सेवा के प्रति समर्पण को याद करने का एक छोटा प्रयास है। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ गणेश देशमुख, सीमा पवार, कपिल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## छात्रों ने दिया स्वच्छता का संदेश

# स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन




**सारनी।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सारनी के जय स्तंभ चौक पर केंद्रीय विद्यालय सारनी के बच्चों द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें छात्रों ने स्वच्छता का महत्त्व और गंदगी फैलाने के दुष्परिणामों को सरल और प्रभावी तरीके से दर्शाया। कार्यक्रम में बच्चों ने संदेश दिया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बना ले तो स्वस्थ और स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है। इस अवसर पर जगदीश पवार, कल्याण विभाग, डब्ल्यूसीएल विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत पैलवार, कार्यक्रम प्रभारी कांचन घाटोड़े, रीमा अरोड़ा, शहादत खान, राजीव नायर उपस्थित रहे। नुक्कड़ नाटक में तान्वी, आरव, जाह्नवी, मोनिका, जय, तान्या, रुद्रांशी, अल्पना, अंबिक, खुशबू, निवेदिता आदि छात्र छात्राओं ने अभिनय प्रस्तुत कर दर्शकों को प्रभावित किया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए सीखने का अवसर बना, बल्कि आमजन को भी स्वच्छता अपनाने का संकल्प दिलाने वाला सिद्ध हुआ।

### जिला पंचायत के ई-ग्राम यंत्री एमपी एप का शुभारंभ

**बैतूल।** जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में ई-ग्राम यंत्री एमपी एप का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जैन ने बताया कि ई-ग्राम यंत्री मध्य प्रदेश एप में विकास कार्यों की जानकारी देख सकेंगे। गांव में चल रहे और पूरे हो चुके प्रोजेक्ट्स की रियल-टाइम जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि एप में सभी पंचायत, जनपद यंत्री, उप यंत्री को जोड़ा जाएगा। इसके अलावा अन्य विभागों को भी शामिल किया जा सकेगा। एप के माध्यम से निर्माण कार्य से संबंधित प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति, मूल्यांकन तथा पूर्णता प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकेंगे। वहीं विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए किए गए आवेदन की निगरानी होगी। निर्माण कार्यों में विलंब करने वाली पंचायत, उपयंत्री पर निगरानी रख सकेंगे।

## विद्यार्थियों को तिलक लगाकर फल व मिठाइयों का वितरण किया

# सांदीपनि विद्यालय में अरुण-उदय कक्षा का शुभारंभ




**बैतूल।** नवरात्रि के पावन पर्व पर शासकीय सांदीपनि कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैतूल बाजार में अरुण और उदय कक्षा का शुभारंभ धूमधाम से किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक जितेंद्र वर्मा, प्राचार्य, प्रधानपाठक, शिक्षकगण, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात मुख्य अतिथि और प्राचार्य ने संयुक्त रूप से अरुण और उदय कक्षा का शुभारंभ किया। प्राचार्य एवं प्रधान पाठक एन.आर. हांके, प्रवेश प्रभारी जितेंद्र सूर्यवंशी एवं शिक्षक गण द्वारा सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, फल व मिठाइयों का वितरण किया। इस दौरान विद्यार्थियों के उत्साह और उमंग को देखते हुए प्राचार्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने अपने संबोधन में नई कक्षाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।

प्राचार्य ने बताया कि अरुण और उदय कक्षाएं विद्यार्थियों के लिए एक नई शुरुआत हैं, जो उन्हें आधुनिक शिक्षा और कौशल विकास के लिए तैयार करेंगी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने विद्यालय के उन्नति और विद्यार्थियों की सफलता के लिए संकल्प लिया। अंत में प्रधानपाठक श्री हांके द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया।

### शासकीय सांदीपनि विद्यालय बैतूलबाजार में कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन



*बैतूल। शासकीय सांदीपनि कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैतूलबाजार बैतूल में कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संदीप गुप्ता ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उनके करियर संबंधी विचारों और रुचियों को जाना। श्री गुप्ता ने बताया कि एलआईसी के माध्यम से कैसे अपने भविष्य को सुनहरा करें, विस्तृत में एलआईसी के बारे मे जानकारी प्रदान की। कैसे एलआईसी मे निवेश करके हमें अपने भविष्य को सुनहरा करना है। पीपीएफ खाता की जानकारी, निश्चित रिफंड, फिक्स डिपाजिट की जानकारी दी, श्री गुप्ता ने बताया की आज एलआईसी विश्व की तीसरे स्थान का ब्रांड बन चुका है, इत्यादि से विधार्थियो को अवगत कराया। अतिथि ने बताया कि विद्यार्थी जीवन मे संयम होना अति आवश्यक है, यदि आप संयमित रहते हो तो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी होती है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सेमिनार ने विद्यार्थियों में अपने भविष्य को लेकर एक नव दिशा और नव उत्साह का संचार किया।*

## कैमरे की निगरानी में चली कार्रवाई, 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

# चेकिंग अभियान में नियम तोड़ने वाली 11 बसों पर हुई चलानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश के निर्देश पर जिले में 11 दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान की शुरुआत सोमवार 22 सितंबर को हुई। इस अभियान की कमान स्वयं जिला परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने संभाली। पहले दिन कोठीबाजार के मुल्लाजी पेट्रोल पंप चौक पर चेकिंग प्वाइंट बनाया गया, जहां बसों की सघन जांच की गई। अभियान के पहले दिन परिवहन उप निरीक्षक अनिमेष जैन सहित पूरे परिवहन विभाग की टीम चेकिंग में जुटी रही।

चेकिंग के दौरान बसों में फर्स्ट एड बॉक्स की जांच की गई। जिन वाहनों में दवाइयों की कमी पाई गई, उनका तत्काल चालान बनाया गया। इसके बाद अग्निशमन यंत्रों की जांच की गई। अग्निशमन यंत्रों को बस से बाहर निकालकर चालू स्थिति में देखा गया, लेकिन कई बसों में यंत्र पूरी तरह खाली मिले, जिस पर संबंधित बसों पर चालानी कार्रवाई की गई। बसों के परमिट शर्तों की भी जांच की गई। जिन बसों ने परमिट की शर्तों का उल्लंघन किया, उन पर भी कार्रवाई करते हुए कुल 11 बसों का 51 हजार 500 रुपए का चालान काटा गया।





आरटीओ अनुराग शुक्ला ने स्पष्ट किया कि यह अभियान 2 अक्टूबर तक जिलेभर में चलाया जाएगा। इस दौरान हर प्रमुख मार्ग और चौराहों पर बसों की नियमित जांच की जाएगी। किसी भी तरह की अनदेखी या नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### कैमरे की निगरानी में चला चेकिंग अभियान

चेकिंग अभियान की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि पूरी कार्रवाई कैमरे की निगरानी में की गई। सभी जांच और चालान की प्रक्रिया लाइव रिकॉर्ड की गई, जिससे किसी प्रकार की आपत्ति या विवाद की स्थिति न बन सके।

आरटीओ ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बसों में यात्रा कर रहे आम नागरिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी बताया कि परिवहन विभाग इस बार पूरी गंभीरता से काम कर रहा है और जिन बस संचालकों ने सुरक्षा के मानकों में कोताही बरती है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इस विशेष चेकिंग अभियान के चलते जिले में बस संचालकों में हड़कंप की स्थिति है। वहीं, आम नागरिकों और यात्रियों ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे यात्रियों की सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया है।

### कार्रवाई की जाएगी

यह अभियान 2 अक्टूबर तक जिलेभर में चलाया जाएगा। इस दौरान हर प्रमुख मार्ग और चौराहों पर बसों की नियमित जांच की जाएगी। किसी भी तरह की अनदेखी या नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

- अनुराग शुक्ला,
जिला परिवहन अधिकारी, बैतूल

## 36 हितग्राहियों ने पहली तथा 123 हितग्राहियों ने द्वितीय किश्त लेकर भी नहीं किया काम

# नगर में पीएम आवास योजना 1.0 के 159 आवास अधूरे, नप ने जारी किए नोटिस

सोहागपुर नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के 150 से अधिक हितग्राहियों ने राशि ली, लेकिन आवास नहीं बनाए। जिन्हें सोहागपुर नप ने नोटिस दिए हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नप से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में 150 से अधिक हितग्राहियों में से कुछ ने प्रथम किश्त के एक लाख रुपये व कुछ ने द्वितीय किश्त के दो लाख रुपए ले लिए हैं। लेकिन आवास अपूर्ण हैं। जिसके चलते सोहागपुर नप सीएमओ कार्यालय से इन हितग्राहियों को निर्धारित समय सीमा में आवास पूर्ण करने के नोटिस दिए गए हैं। तथा चेतावनी दी गई है कि आवास पूर्ण नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अधूरे आवासों का आंकड़ा

सोहागपुर नप कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 159 हितग्राहियों ने प्रथम या द्वितीय किश्त प्रधानमंत्री आवास के लिए ली है। लेकिन आवास अभी तक नहीं बनाया है। प्रथम किश्त के एक लाख रुपए लेकर 12 हितग्राहियों ने आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया, जबकि 24 हितग्राहियों के आवास फाउंडेशन स्तर तक नहीं पहुंचे। पहली व दूसरी किश्त के दो लाख रुपए लेकर भी 89 आवास लेंटर स्तर तक नहीं पहुंच सके हैं। 34 हितग्राहियों ने दोनों किश्तों के दो लाख रुपए ले लिए हैं। लेकिन छत तक का कार्य अधूरा है। इन सभी को सोहागपुर नप सीएमओ ने नोटिस जारी किये हैं।

### तीसरी किश्त शेष

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार सभी 159 हितग्राहियों को नोटिस दिए गए हैं, ताकि वे समय पर प्राप्त किश्त के अनुसार आवास पूर्ण कर सकें। और फिर उन्हें 50 हजार रुपए की तीसरी व अंतिम किश्त दी जा सके। इससे प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 का कार्य शहरी क्षेत्र में पूर्ण होगा। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के प्रथम चरण की योजना अनुसार पहली व दूसरी किश्त में एक-एक लाख रुपए दिये जाते हैं। जबकि तीसरी किश्त 50 हजार रुपए की है।

### नोटिस का मसौदा

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ कार्यालय से नौ सितंबर 2025 को हितग्राहियों को नोटिस क्रमांक 1851 जारी किया गया है। जिसके अनुसार केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। आवास पूर्णता के लिए सितंबर 2025 माह तक का समय सभी नोटिस प्राप्तकर्ता हितग्राहियों को दिया गया है। नोटिस अनुसार ऐसा न करने पर पूर्व में दी गई अनुदान राशि मय ब्याज हितग्राहियों से वसूली जाएगी। तथा तृतीय किश्त मिलने का की कोई भी संभावना नहीं रहेगी।

### सवाल-जवाब

- हरिभूमि प्रतिनिधि- आपके कार्यालय से प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के लिए कुछ नोटिस जारी किए गए हैं। ये नोटिस क्यों जारी किए हैं?
- सीएमओ शर्मा- प्रधानमंत्री योजना 1.0 समाप्ति पर है तथा कई हितग्राहियों के आवास अपूर्ण हैं। आवास पूर्णता के नोटिस दिए गए हैं।
- हरिभूमि प्रतिनिधि- कितने आवास अपूर्ण हैं, जिनके लिए हितग्राहियों को नोटिस दिए गए हैं?
- सीएमओ शर्मा- 159 आवास योजना में अपूर्ण हैं, जिन्हें नोटिस दिए गए हैं।
- हरिभूमि प्रतिनिधि- नोटिस में क्या उल्लेख किया गया है?
- सीएमओ शर्मा- उल्लेख है कि सभी नोटिस प्राप्तकर्ता हितग्राही ली गई राशि के अनुसार आवास पूर्ण करें। अन्यथा शेष राशि नहीं दी जाएगी व कार्रवाई की जाएगी।
- हरिभूमि प्रतिनिधि- कितना समय दिया गया है तथा क्या कार्रवाई होगी?
- सीएमओ शर्मा- सितंबर 2025 के अंत तक का समय दिया गया है। तथा शेष राशि नहीं देने की कार्रवाई की जाएगी।
- हरिभूमि प्रतिनिधि- जो राशि अब तक दी जा चुकी है उसका क्या करेंगे?
- सीएमओ शर्मा- हितग्राही को अब तक दी गई प्रथम अथवा द्वितीय किश्त की राशि की वसूली नियम अनुसार की जाएगी।

# पोते की चाहत में दादी ने मासूम की ले ली जान, पोटली बांध कर कुएं में फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



ग्राम बेरखेड़ी से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मासूम बच्ची की हत्या किसी अनजान अपराधी ने नहीं, बल्कि उसकी अपनी ही दादी ने कर डाली। वजह भी उतनी ही दर्दनाक है – दादी को पोते की चाह थी, पोती के जन्म से वह खुश नहीं थी।

### दादी के हाथों मौत की नींद सोई मासूम

27 मई को जन्मी चार माह की यह बच्ची देहलान में झूले पर सो रही थी। मां मीरा घर के पीछे बर्तन मांज रही थी। इसी दौरान बच्ची की सगी दादी मीनाबाई अश्वारे ने मासूम के मुंह में गमछे का टुकड़ा ठूंस दिया। मासूम की सांसें थम गईं और वह हमेशा के लिए खामोश हो गई। इसके बाद दादी ने शव को पोटली में बांधकर सूखे कुएं में फेंक दिया और शक से बचने के लिए अपने आँगन की सफाई करने लगी।

जब बच्ची अचानक गायब हुई तो पूरा गांव उसकी तलाश में जुट गया। कुएं में पड़ी पोटली को देखकर ग्राम कोटवार और बच्ची के दादा निर्भय सिंह ने संदेह जताया, लेकिन मीनाबाई ने यह कहकर सबको रोक दिया कि उसमें महावारी के गंदे कपड़े रखे हैं। बाद में जब पुलिस ने पोटली खोली, तो उसमें बच्ची का शव मिला।

### पिता की पीड़ा न्याय चाहिए

बच्ची के पिता शुभम अश्वारे ने कहा कि जब मैं काम पर था, तभी खबर मिली कि बच्ची गायब है। हमने हर जगह तलाश की लेकिन वो नहीं मिली। कुएं में मिली पोटली तीन दिन से वहीं थी। मेरी मां ने कबूल किया है कि उन्होंने बच्ची को मारा, लेकिन यह डर में कबूल किया या सच में उन्होंने ही ऐसा किया, यह स्पष्ट नहीं है। मुझे सिर्फ न्याय चाहिए।

फोरेंसिक रिपोर्ट ने किया राज़ फ़ाश थाना प्रभारी राजेश दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हुआ कि बच्ची के मुंह के अंदर 24 सेंटीमीटर लंबा और 10 सेंटीमीटर चौड़ा गमछे का टुकड़ा मिला। दम घुटने से उसकी मौत हुई थी। पुलिस पूछताछ में मीनाबाई ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। उसके खिलाफ धारा 103 बीएनएस (मानव वध) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

## दिव्यांग बच्चों की जांच कर प्रमाण पत्र प्रदान किए



**माखननगर।** सोमवार को जिला नर्मदापुरम मेडिकल टीम एवं डी डीआर सी की टीम द्वारा चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों का जांच एवं परीक्षण कर दिव्यांग प्रमाण-पत्र प्रदाय करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत माखन नगर एवं नगर परिषद माखन नगर के चिन्हित 56 बच्चों का पंजीयन एवं 07 बच्चों के प्रमाण-पत्र परीक्षण स्थल पर बनाए गए जिसमें मुख्य रूप से जनपद पंचायत माखन नगर अध्यक्ष सावित्री परनामे एवं उपाध्यक्ष लालचंद यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत माखन नगर रंजीत ताराम, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.कल्याणी यादव नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने एसडीएम व जनपद कार्यालय सिवनी मालवा का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय सिवनी मालवा एवं जनपद पंचायत कार्यालय सिवनी मालवा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम कार्यालय परिसर में लगने वाले विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की उपस्थित की जानकारी ली। पाया गया कि अधिकांश कर्मचारी कार्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित नही है। कमिश्नर ने इस पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम श्रीमती सरोज परिहार को सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश दिए और हिदायत दी की संतोषजनक जवाब प्राप्त न होने पर संबंधित कर्मचारियों पर नियम अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। एसडीएम ऑफिस में प्राथमिक शिक्षक पंकज परसाई संलग्न पाए गए, इस पर कमिश्नर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल शिक्षक श्री पंकज परसाई को उनके मूल पद स्थापना वाले स्कूल में भेजने के निर्देश दिए। एसडीएम कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री तिवारी ने कि ई ऑफिस सिस्टम से किए जाने वाले सभी शासकीय कार्यों का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान पाया गया कि कार्यालय में ई ऑफिस सिस्टम की स्थिति बहुत ही कमजोर है। पूरे तरीके से ई ऑफिस सिस्टम के तहत कार्य न करके ऑफलाइन कार्य भी किया जा रहा है।

## सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने समझी पुलिस प्रशिक्षण प्रक्रिया

**सोहागपुर।** सांदीपनि विद्यालय सोहागपुर के व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थी औद्योगिक भ्रमण के लिये गत दिनों पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी ले जाए गए। जहां सूबेदार सुदर्शन खरे तथा साथी आरक्षकों ने विद्यार्थियों को पुलिस प्रशिक्षण केंद्र एवं विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। वहीं विद्यार्थियों को साइबर क्राइम और डायल 112 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। भविष्य में विद्यार्थियों ने पुलिस विभाग में सेवा के लिये मार्गदर्शन पाया। प्राचार्य रामकिशोर दुबे सहित विद्यालय परिवार द्वारा पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। भ्रमण दौरान व्यावसायिक शिक्षा नोडल तुलाराम रघुवंशी, व्यवसायिक प्रशिक्षकगण अभिषेक मांझी, जितेंद्र अहिरवार, गौरीशंकर यादव एवं विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# हरिभूमि कार्यालय से एंट्री पास वितरण प्रारंभ, 50 प्रतिशत एंट्री पास बिके

## हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली: गरबा विश्वास की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा के एंट्री पास का वितरण हरिभूमि कार्यालय से प्रारंभ हो गया है। प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में गरबा प्रेमी और इटारसी के नागरिक एंट्री पास प्राप्त करने हरिभूमि कार्यालय पहुंच रहे हैं। सोमवार शाम तक कुल एंट्री पास के करीब 50 फीसदी का वितरण संपन्न हो गया है।

हरिभूमि समूह का फैमिली गरबा से वर्ष चौथे वर्ष में आयोजित हो रहा है इस वर्ष आयोजन का प्रचार प्रसार इतना प्रभावी और सार्थक रहा है कि एंट्री पास वितरण प्रारंभ होने के 48 घंटे में ही 50 फीसदी एंट्री पास वितरित किए जा चुके हैं। प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में गरबाप्रेमी हरिभूमि कार्यालय पहुंचकर दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे के बीच एंट्री पास प्राप्त कर रहे हैं। रोजाना इसी समय पर एंट्री पास का वितरण जारी रहेगा। इवेंट ऑर्गनाइजर भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष आयोजन में प्रीमियम एंट्री रखी गई है। जिसके पास एंट्री पास नहीं हो वे लोग गरबा स्थल प्रिंस पैराडाइज बिल्कुल न पहुंचे, उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### मां भक्तों की बात सुनती है



मां दुर्गा ने महिषासुर राक्षस का वध किया। जिसकी खुशी में लोगो ने नृत्य किया। इस नृत्य को ही गरबा नाम दिया गया। जन उत्थान के लिए माता शक्ति भक्तो की हर बात सुनती है। हरिभूमि का पारंपरिक और पारिवारिक गरबा नगर में चर्चा का विषय है। हम आयोजन से जुड़े है यह प्रसन्नता का विषय है।

**राकेश जाधव, सभापति नपा परिषद**

### देवी आराधना का एक साधन



पवित्र पावन नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना और प्रार्थना का एक साधन गरबा नृत्य भी है। जिसमे भक्ति भजनों में झूमकर देवी को प्रसन्न किया जाता है। गरबा नृत्य के जरिए भक्ति की शक्ति का प्रताप देखा जा सकता है। हरिभूमि गरबा आयोजकों को हमारी ओर से शुभकामनाएं।

**कल्पेश अग्रवाल, सभापति नपा परिषद इटारसी**

### आयोजन के लिए बधाई



हरिभूमि गरबा हमारा अपना आयोजन है जिसकी पहचान सिर्फ इटारसी तक सीमित नहीं है, आयोजक हरिभूमि समूह गुजरात की ही तर्ज पर पारंपरिक गरबा करवाते है जिसमें माताएं बहनें गरबा नृत्य करती है। **मनीष ठाकुर, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता**

## श्री गणेश स्थापना के साथ प्रारंभ हुआ रामलीला महोत्सव



सेमरी हरचंद। -नगर में 140 वर्ष से लगातार स्थानीय कलाकारों द्वारा मंचन की जाने वाली रामलीला नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र मे भी प्रसिद्ध है। सोमवार को भगवान श्री गणेश की स्थापना के साथ सेमरी हरचंद में रामलीला महोत्सव का शभारंभ हुआ 22 सितंबर से प्रारंभ होकर 8 अक्टूबर तक चलने वाली रामलीला में रामराज्य अभिषेक एवं भरत मिलन की लीला सेमरी हरचंद में 100 वर्षों से भी अधिक समय से प्रसिद्ध है समिति के कार्यकर्ताओं ने बताया की रामराज्य अभिषेक की लीला देखने अनेक वर्षों से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामवासी एवं महलाएं आते हैं और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला का आनंद लेते हैं। रामलीला महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल आशीष महेश्वरी सरपंच चेतन मीना, प्रवीण पटेल, राकेश शर्मा चंदन पटेल पुरुषोत्तम कुशवाहा रमेश खिड़िया वालें रामशंकर दूबे रजनीकांत सोनी, सुखनंदन तिवारी हरिशंकर तिवारी बृजमोहन शर्मा मुन्ना सराठे आशुतोष तिवारी आदि समिति के सदस्यों ने गणेश पूजन कर रामलीला का शुभारंभ किया।

# हितग्राही को नहीं मिली कन्या विवाह की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा निशुल्कमुख्यमंत्री कन्यादान योजना का संचालन किया है जिसके अन्तर्गत 30 अप्रैल 2025 को जनपद पंचायतके द्वारा कृषि उपज मंडी परिसर में 185 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन कराया गया था। शासनके नियम अनुसार प्रत्येकजोड़े वधु केखाते में 49000 जमा होना थे। लेकिन आज 7 माह बीत जाने के बाद भी आदिवासी समुदाय के लगभग 72 जोड़ो को राशि का आज तक भुगतान नहीं किया गया है। इस बात को लेकरजोड़ो के दारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भीशिकायत दर्ज कराई जाचुकी है। लेकिन आज दिनांक तक शासनके द्वारा आदिवासियों कोभुगतान नहीं किया गया है। आदिवासी समुदाय के जोड़े प्रतिदिन जनपदके चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें शाखा प्रभारी के दारा आश्वासनही दिया रहाहै। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरर्जरिय ने बताया कि शासन को कई बार मांग पत्र भेजा जा चुका है। लेकिन अभी तक आवंटन न होने से भुगतान नहीं किया गया है।

## सामाजिक कुरीतियों पर हुई व्याख्यान माला

**सिवनी मालवा।** शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस विंग एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए. के. यादव ने कहा कि बाल विवाह, जैसी कुरीतियाँ समाज के लिए घातक हैं।

## सेवा पखवाड़े के अंतर्गत की गई मां नर्मदा के घाटों की सफाई



**पिपरिया।** जनपद पंचायतकी ग्रामपंचायत सांडिया में भारतीय जनता पार्टी के तमाम जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जनपद पंचायतके मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया, सरपंच रामजी दिखता सचिव अनिल पांडेय आर,एवं, सिंह दीपीका लाहोरिया सहित सभी जनपद पंचायत के स्टाफ के साथ महिला बालविकास विभागके अधिकारी कर्मचारियों ने मां नर्मदा की सफाई करते हुए श्रमदान किया दीपिका लाहोरिया के दारा सभी कोस्वच्छता का संकल्प दिलाया गया नर्मदा के सभीघाटों पर साफ सफाईकी गई सेवा पखवाड़ामनाया गया। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एन आर एल एम एन जी ओ सहित अन्य सभी शामिल हुए।


## पुलिस ने दिया सुरक्षा का परामर्श व हिदायत

**सोहागपुर।** शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही सलकनपुर देवी धाम को जाने वाले पदयात्री स्टेट हाईवे पर दिखने लगे हैं। इन श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की दुर्घटनाओं से बचाने पुलिस द्वारा परामर्श तथा हिदायतें दी जा रही हैं। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान, थाना प्रभारी ऊषा मरावी व एएसआई गणेश राय ने बताया कि 22 सितंबर 2025 से प्रारंभ हुए शारदीय नवरात्र में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों के रूप में देवीभक्त पैदल ही सलकनपुर जा रहे हैं। जिनका जाना पुलिस थाने के सामने से होता है। अतः थाना के अलग-अलग क्षेत्रों में पुलिस इन पैदल देवीभक्तों को सुरक्षा के परामर्श एवं हिदायतें दे रही है। एएसआई गणेश राय के अनुसार पैदल जाने वाले श्रद्धालु जन सुगमता से अपनी यात्रा कर सकें, इसके लिये यातायात स्थिति व व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

## इटारसी में व्यापार का भविष्य सिर्फ सिटी सेंटर, निवेश और व्यवसाय के लिए बेहतर विकल्प

# अगर आज सिटी सेंटर नहीं आए तो कल पछताना न पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



अगर आप भी अपने बच्चों, आने वाली पीढियों के लिए इटारसी में व्यापार की संभावनाओं पर चिंतन कर रहे हैं तो आपकी चिंताएं दूर करने जल्द ही सिटी सेंटर शुरू होने जा रहा है। सिटी सेंटर इटारसी के व्यापारिक भविष्य में ऐसा नाम बनकर उभरेगा जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। यह सिटी सेंटर इटारसी के व्यापार को, व्यापारियों को, उनके उत्पाद (प्रोडक्ट) एवं उनकी सेवाओं को एक नया आयाम देगा।

सिटी सेंटर प्रोजेक्ट सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि शहर के व्यापार को नई दिशा देने वाला एक हब साबित होगा। इसे दिल्ली के मशहूर कनॉट प्लेस की दुकानों की तर्ज पर डिज़ाइन किया गया है, और यह अपनी विशेषताओं के साथ मध्यप्रदेश में अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट है। यह नया मार्केट हब उन सभी ब्रांड्स को शानदार विजिबिलिटी प्रदान करेगा जो यहां अपनी जगह बनाएंगे। इसकी सबसे बड़ी खासियत है इसका प्राइम लोकेशन - रेलवे स्टेशन के पास, जहाँ से हर दिन हजारों लोग गुजरते हैं। सिटी सेंटर में आज अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए किया हुआ निवेश कल कई गुना बढ़कर आपके पास लौटकर आएगा। ऐसा मौका बार बार नहीं आता जब ऐसे निवेश करके आप अपने परिवार का भविष्य सुनिश्चित करते हैं। साथ ही आज जो स्वर्णिम अवसर है जो सकता है आपके चूक जाने से कल आपका सबसे बड़ा पछतावा बन जाए।

### निवेश और व्यवसाय के लिए आकर्षक विकल्प

हर ब्रांड को मिले शानदार विजिबिलिटी: यहाँ हर दुकान को इस तरह से बनाया गया है कि वह सामने से पूरी तरह दिखाई दे। इससे ग्राहकों का ध्यान तुरंत आकर्षित होगा, और हर ब्रांड को बराबर की विजिबिलिटी मिलेगी।

चालीस फीट चौड़ी सड़क और वाइड पार्किंग: पारंपरिक बाजारों की तंग गलियों के विपरीत, सिटी सेंटर में 40 फीट चौड़ी सड़क और पर्याप्त पार्किंग की सुविधा है। यह न सिर्फ ग्राहकों के लिए आने-जाने को आसान बनाएगा, बल्कि भीड़-भाड़ की समस्या को भी कम करेगा।

स्टेशन के पास की प्राइम लोकेशन: यह प्रोजेक्ट इटारसी रेलवे स्टेशन के पास की प्राइम लोकेशन पर स्थित है। यह सुविधा इसे शहर के सबसे व्यस्त और सबसे आसानी से पहुँचने वाले स्थानों में से एक बनाती है।

तेजी से बढ़ता कॉमर्शियल हब: इटारसी के केंद्र में स्थित होने के कारण, यह क्षेत्र पहले से ही एक तेजी से बढ़ता हुआ कमर्शियल हब है। सिटी सेंटर का निर्माण इसे और भी गति देगा। आस-पास लगा हुआ बड़ा रेसिडेंशियल बेस: प्रोजेक्ट के चारों ओर एक बड़ा रिहायशी इलाका है, जिससे यहाँ रहने वाले लोगों के लिए खरीदारी करना बेहद सुविधाजनक होगा। जी+2 प्रीमियम ग्लास बिल्डिंग: इस मार्केट की इमारत को विशेष रूप से ग्लास बिल्डिंग के रूप में डिज़ाइन किया गया है। इसका आधुनिक और प्रीमियम लुक इसे शहर के अन्य बाजारों से अलग करता है। निवेश पर बेहतर रेंटल इनकम और ऊंचा रिटर्न: अपने शानदार डिजाइन और प्राइम लोकेशन के कारण, यह प्रॉपर्टी निवेशकों को बेहतर रेंटल इनकम और निवेश पर ऊंचा रिटर्न दे सकती है, जिससे यह एक बहुत ही आकर्षक निवेश विकल्प बन जाता है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

कमांक/रा.शा.वि./न.पा.इ/2025/158
इटारसी दिनांक 22/09/2025

// आम सूचना //

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कालोनी में भवन EWS-158 श्रीमति विनीता अग्रवाल पिता श्री विनोद अग्रवाल के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्रीमति नीतू पति श्री कृष्णा कुमार जी अपने नाम नामान्तरण कराना चाहती हैं। उक्त भवन का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अघोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद इटारसी**

## खबर संक्षेप



### कमिशनर ने ई-ऑफिस की प्रक्रिया देखी

**हरदा।** नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने सोमवार को टिमरनी में तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने उपस्थित कर्मचारी से ई-ऑफिस प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होने इस दौरान कर्मचारी से ई-ऑफिस लॉगिन करने के लिये भी कहा। उन्होने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करें कि सभी फाईलें ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजी जाएं। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आर.पी.एस. जादौन, जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, एसडीएम संजीव नागू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सांकेतिक भाषा दिवस आज

**हरदा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से प्राप्त निर्देश अनुसार 23 सितम्बर को सांकेतिक भाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम हरदा डिग्री कॉलेज के सेमीनार हॉल में 23 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है।

### शराब के अवैध विक्रय के 5 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने रविवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम हेतु कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने सिराली क्षेत्र के ग्राम खुदिया, गोमगांव, रहटाकला, पिपल्या, आमाखाल व रोलगांव में दबिश देकर कुल 7 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, 23 पाव देशी मदिरा प्लेन, 11 पाव देशी मदिरा मसाला शराब तथा 440 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 5 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 48280 रूपये है।

### बच्चों को खिलाई जाएगी कृमिनाशक गोली

**हरदा।** जिले में 23 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर 1 साल से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि 23 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस व 26 सितम्बर को मॉपअप दिवस का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय कृमि दिवस के सफल संचालन के लिये स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग के समन्वय से संचालन किया जायेगा।

### शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए 30 तक बढ़ाई गई अंतिम तिथि

**सीहोर।** सीहोर स्थित शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025 के लिए पहले आओ पहले पाओ राउण्ड की अंतिम तिथी 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। पहले इसकी अंतिम तिथी 20 सितंबर निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ा दिया गया है। सीहोर शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 30 सितंबर से पहले आवेदन कर सकते हैं। पहले आओ पहले पाओ राउण्ड के तहत अभ्यर्थियों के नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग एवं त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल चालू है। अभ्यर्थी स्वेच्छा से किसी एक आईटीआई के किसी एक ट्रेड च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं। सभी रजिस्टर्ड कैंडिडेट को प्रवेश के लिए च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। च्वाइस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नही है, इसलिए अभ्यर्थी सावधानी पूर्वक आईटीआई एवं व्यवसाय का चयन करें। च्वाईस फिलिंग करने के पहले आईटीआई में व्यव्सायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लें। अभ्यर्थी को प्रवेश के लिए 50 रुपये का भुगतान कर च्वाइस लॉक करना होगा।

# विधि-विधान से घट स्थापना के बाद मां की प्रतिमाएं विराजमान की गईं

## मां की आराधना के साथ जिले में नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र महोत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में सोमवार से नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। जिले में 45 से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सुबह से ही मंदिरों में मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। घरों में कलश स्थापना की गई। दुर्गा पंडालों में विधि-विधान से घट स्थापना के बाद मां की प्रतिमाएं विराजमान की गईं। चौक-चौराहों और विभिन्न कॉलोनियों से लोग बैंड-बाजे के साथ मां की प्रतिमाओं को पंडालों तक ले गए।

मार्ग में भक्तों ने मां का स्वागत कर आरती उतारी। डीजे पर मां के भजनों की धुन पर भक्त थिरकते नजर आए। मंदिरों, पंडालों और घरों में जवारे भी बोए गए। मान्यता है कि जितने अच्छे और बड़े जवारे होते हैं, उतनी ही सुख-समृद्धि मिलती है। नौ दिनों तक भक्त मां की पूजा-आराधना के साथ जवारों की सेवा भी करेंगे।

विभिन्न आयोजन समितियों द्वारा गरबा का आयोजन किया गया। कन्याओं ने मां के गीतों पर गरबे की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। दुर्गा पंडालों में विशेष सजावट की गई है। बारिश से बचाव के लिए समिति सदस्यों ने विशेष प्रबंध किए हैं।



## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरों का किया गया आयोजन

# 66 गांवों में स्वास्थ शिविर लगाए 4185 लोगों की स्वास्थ्य जांच की



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सोमवार को जिले के ग्राम आलमपुर, रामटेक रैयत, महेन्द्रगांव, आमसागर, नजरपुरा, रहटगांव, मसनगांव तथा पलासनेर सहित कुल 66 ग्रामों में स्वास्थ शिविर आयोजित किये गये। शिविर में स्वास्थ विभाग के दल ने निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया। शिविर में आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी निर्माण, असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग, एनीमिया एवं सिकल सेल रोगों तथा क्षय रोग सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि इन शिविरों में कुल 4185 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान 284 महिलाओं का ए.एन.सी. चेकअप, 2539 लोगों की हिमोग्लोबिन, 2077 लोगों की हायपरटेंशन व शुगर, 1057 लोगों की टीबी की जांच की गई तथा 78 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसी प्रकार अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में 13 लोगों ने रक्तदान किया।

### आयोजित किया जा रहा विशेष सफाई अभियान

नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका हरदा द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को नगर पालिका के दल ने नेहरू पार्क में विशेष सफाई अभियान चलाया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार ने बताया कि विशेष सफाई अभियान के तहत शहर के पार्कों में साफ-सफाई के साथ-साथ पौधरोपण भी कराया जा रहा है। साथ ही पार्कों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था भी की जा रही है।




### जिला खेल और युवा कल्याण विभाग ने निकाली स्वच्छता रैली

जिला खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा सोमवार को सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक स्कूल से प्रारंभ की गई। स्वच्छता रैली को जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी एवं प्राचार्य शासकीय महात्मा गांधी स्कूल जे.पी. प्रजापति, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने हरि झंडी दिखा कर रैली का शुभारंभ किया। ब्लाक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि रैली में 100 बालकों द्वारा स्वच्छ हरदा स्वस्थ हरदा, साफ सुथरा रहे सुरक्षित रहे नारे लगाते हुए रैली निकाली गई। यह रैली महात्मा गांधी स्कूल से प्रारंभ होकर नेहरू स्टेडियम, वीर तेजाजी चौक, सनफ्लॉवर स्कूल, महाराणा प्रताप चौक, अंकुर प्रोविजन से होकर शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में सम्पन्न हुई। रैली में तरुण कैथवास, राहुल कुलहरे, जी.पी. गौर सहित स्कूल एवं खेल विभाग स्टाफ उपस्थित रहे।



### उत्सव के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें




रहटगांव। सेवा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सोमवार ग्राम पंचायत रहटगांव में तहसीलदार की उपस्थिति में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव पंडालों में समिति के साथ बैठक की गई। और उत्सव समितियों को समझाइश दी गई। की उत्सव के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें प्लास्टिक का उपयोग ना करें ,गीला कचरा सूखा कचरा और प्लास्टिक अलग अलग जमा करें। इस दौरान समितियों को ग्राम पंचायत रहटगांव द्वारा डस्टबिन भी प्रदान किये गई। जिससे समितियों को साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिल सकेगी। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आज स्कूली बच्चों के द्वारा रैली भी निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि सूरज रंगीले, सचिव रामशंकर चौहान, स्कूल प्राचार्य मनोज मिंज, सिद्धार्थ जोशी, राकेश गौर, शैलेंद्र सिंह राजपूत, पंकज मिश्रा, रोजगार सहायक भूरमल सोलंकी, एवं ग्राम पंचायत पंच सहित शिक्षक, छात्र-छात्रा

## कलेक्टर की किसानों को सलाह

# नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने कृषि यंत्रों का उपयोग करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

एक दिवसीय नरवाई प्रबंधन कार्यशाला में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई नरवाई से जुड़े सभी कृषि यंत्रों का उपयोग करें, जिससे फसल अवशेष जलाने की घटनाएँ नियंत्रित हो सकें। कलेक्टर श्री जैन कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित फसल अवशेष प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को नियंत्रित कर वायु प्रदूषण कम किया जा सकता है। मृदा में कार्बनिक पदार्थ बढ़ाने से फसल के उत्पादन में वृद्धि होती है। फसल अवशेषों का समुचित उपयोग कर किसानों की अतिरिक्त आय के विकल्प उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कार्यशाला में उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे एवम कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, हार्वेस्टर संचालक व किसान उपस्थित थे।

## छात्रों को कोडिंग सिखाने की पहल

# कलेक्टर ने किया मिशन कोड शक्ति का शुभारंभ

**हरदा।** जिले में नवरात्रि के पहले दिन जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कलेक्ट्रेट सभागृह में मिशन कोड शक्ति का शुभारंभ किया। जिले के सरकारी स्कूलों में नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को कोडिंग सिखाने की यह पहल कोड योगी फाउंडेशन के सहयोग से शुरू की गई है। कलेक्टर जैन के अनुसार एआई युग में नौकरियों की बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। कोडिंग के महंगे कोर्स अक्सर विद्यार्थियों की पहुंच से बाहर होते हैं। इस कारण जिला प्रशासन ने यह निःशुल्क कोर्स शुरू किया है। डीपीसी बलवंत पटेल ने बताया कि यह कोर्स पूरी तरह मोबाइल पर उपलब्ध है। इसके लिए किसी लैपटॉप की जरूरत नहीं है। कोर्स को सरल भाषा में तैयार किया गया है। इसमें इंटरेक्टिव डिजाइन का उपयोग किया गया है। कुल 120 घंटे के इस कोर्स में 12 घंटे के वीडियो और 100 से अधिक घंटे की प्रैक्टिस शामिल है। वीडियो 3 से 15 मिनट के हैं। विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार इस सेल्फ-लर्निंग कोर्स को पूरा कर सकते हैं। इसमें छोटे-छोटे वीडियो, सरल अभ्यास और प्रैक्टिकल असाइनमेंट दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले के करीब 15 हजार से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। मेहनती छात्रों को इंटर्नशिप पाने और उद्योगपतियों व विशेषज्ञों से मेंटरशिप प्राप्त करने का अवसर भी मिलता है।

# आखिरकार पकड़ा गया रहवासी क्षेत्र में घूमता मगरमच्छ, नर्मदा में छोड़ा



**बुधनी।** लगभग दो महीने से रहवासी क्षेत्र में विचरण कर रहे मगरमच्छ को वन विभाग द्वारा पकड़ लिया गया। रेस्क्यू के दौरान उसे रस्सियों ओर बांस के सहारे बांधकर रेस्क्यु टीम ने नर्मदा नदी में ले जाकर छोड़ा तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व नगर में बुधनी घाट स्थित वीआईपी कालोनी के पास खेत में मगरमच्छ को देखा गया था इसके बाद आसपास के लोगों में दहशत फैल गई थी लगातार दो महीने से मगरमच्छ कभी खेत में आराम फरमाते देखा गया तो कभी सड़क किनारे नाली में तैरता हुआ दिखाई दिया जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी इस दौरान एक बार मगरमच्छ सड़क किनारे देखा गया वन विभाग की टीम ने भी आसपास के लोगों को सतर्क रहने की बात कही थी।

कालोनी के आसपास उसकी मूवमेंट होने पर वन विभाग की टीम नजर बनाए हुए थी। कई बार मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली इसके बाद वन विभाग की रेस्क्यू टीम लगातार मगरमच्छ की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। शनिवार रात करीब साढ़े सात बजे कालोनी परिसर के अंदर मगर को देखा गया इसके बाद हड़कंप मच गया जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिसमे एसडीओ सुकृति ओसवाल और फारेस्ट ऑफिसर राजित द्विवेदी के निर्देशन में रेस्क्यु टीम को मगरमच्छ को पकड़ने के लिए रवाना किया गया जिसमें मौके पर पहुंची टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से मगरमच्छ को काबू में किया मगरमच्छ की लंबाई क़रीब चार फिट बताई गई थी।

रेस्क्यु टीम में शामिल वन विभाग कर्मचारी मोहन पटेल, राजेंद्र चौहान सहित अन्य कर्मचारीयों ने क़रीब चार फिट लम्बे मगरमच्छ को रस्सियों से बांधकर नर्मदा नदी में छोड़ा दिया इसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

# भारतीय किसान संघ की मांग समर्थन मूल्य पर सोयाबीन और मक्का खरीदने प्रदेश सरकार केंद्र को प्रस्ताव भेजे

## समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया

**हरदा।** भारतीय किसान संघ की मांग समर्थन मूल्य पर सोयाबीन और मक्का के लिए प्रदेश सरकार केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजें। भारतीय किसान संघ तहसील हरदा का प्रतिनिधिमंडल किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम अशोक डेहरिया को ज्ञापन दिया। इस दौरान कृषि उपसंचालक जे एस कास्दे, डीएमओ योगेश मालवीय से मिले।

भारतीय किसान संघ ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से हरदा प्रवास के दौरान मांग की थी कि सोयाबीन और मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाय। किसान संघ राज्य सरकार से मांग करता है कि शीघ्र केंद्र सरकार को खरीदी के प्रस्ताव भेजे। डीएपी और यूरिया खाद किसानों को सोसाइटी और साथ ही किसानों को डीएमओ और एमपी एग्रो से टोकन के माध्यम से खाद का वितरण किया जाए। सरकार के द्वारा किसानों को वर्तमान में जो बीमा राशि दी गई है उसमें बहुत से किसान छूट गए हैं, उन्हे बीमा राशि प्रदान की जाए। रेवापुर सोनतलाई, पहतगांव और रहटाखुर्द के टेल क्षेत्र के किसानों को नहर विभाग के द्वारा चना, गेहूं और मूंग फसल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर संभागीय सदस्य ब्रजमोहन राठौर, आनंदराम किरार, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र बांके, बालक दास छापरे, नगर संयोजक संतोष गौर, तहसील अध्यक्ष अरुण पटवारे, गोविंद गौर ,नितिन दुगाया, विनय यादव उपस्थित रहें।



## मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद सर्वे का कार्य यहां शुरू नहीं हुआ, अन्नदाताओं की मेहनत डूबी

# बरसात में सोयाबीन बर्बाद होने से किसान बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के किसान इन दिनों दोहरी मार झेल रहे हैं। पहले महापूर जैसी बारिश ने खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल को तहस-नहस कर दिया और अब लगातार हो रही वर्षा एवं जलभराव ने बची-खुची फसल भी बर्बाद कर दी। खेतों में पानी भरने से पक चुकी फलियां सड़ रही हैं और किसानों की मेहनत पूरी तरह डूब गई है। किसान व समाजसेवी एमएमएस मेवाड़ा ने कहा कि ग्राम चंदेरी, बरखेड़ी, हीरापुर, कु ल्लास छोटी रामाखेड़ी, बमुलिया समेत कई गांवों के किसानों का कहना है कि खुलासी नदी में आई बाढ़ ने उनकी अंतिम उम्मीद भी छीन ली। जो 25 प्रतिशत फसल किसी तरह बची थी, वह भी पानी में डूब गई। किसान दिन-रात खेतों में घुटने घुटने पानी से अपनी फसल को बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं, लेकिन हालात हाथ से निकलते जा रहे हैं। किसानों और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा की मांग है कि पिछले एक महीने से लगातार जिला प्रशासन से खराब फसल का सर्वे कर बीमा राशि दिलाने की मांग की जा रही है, मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही। मुख्यमंत्री द्वारा शाजापुर जिले में हर गांव में फसल नुकसान का सर्वे कराने के आदेश दिए गए, जिसका पालन वहां हो भी रहा है। लेकिन सीहोर में पालन नहीं हो रहा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी किसानों का प्रदर्शन की मांग पर कलेक्टर सीहोर को दूरभाष पर खराब फसलों के सर्वे करने एवं बीमा राशि दिल जाने के निर्देश दिया है, लेकिन जिला प्रशासन ने अभी तक तो सर्वे का आदेश नहीं दिया है अब देखना यह की मुख्यमंत्री कृषि मंत्री क्या आदेश का पालन जिला प्रशासन करता है या नहीं या यूं ही किसान की फसले बर्बाद होती रहेगी और किस रोता रहेगा। लेकिन सीहोर जिले में हालात उलट हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद सर्वे का कार्य यहां शुरू नहीं हुआ है। किसानों का कहना है कि शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला होने के बावजूद भी प्रशासन उनकी पुकार अनसुनी कर रहा है।



### 24 को बुधनी रेलवे स्टेशन से तिरुपति तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होगी विशेष ट्रेन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार 24 सितंबर से 29 सितंबर तक मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्रियों को तिरूपति की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सीहोर जिले के यात्रियों के लिए तिरूपति तीर्थ यात्रा ट्रेन का बोर्डिंग स्टेशन बुधनी है। जिले के सभी चयनित तीर्थ बुधनी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और बुधनी रेलवे स्टेशन से तीर्थ यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार तीर्थ यात्रा के लिए चयनित सभी तीर्थ यात्रियों को बस द्वारा बुधनी रेलवे स्टेशन पहुंचाया जाएगा। बुधनी रेलवे स्टेशन से यात्री स्पेशल ट्रेन से तिरूपति रवाना होंगे।